ठंड

## कोहरे में ठिठुरते बच्चे, सड़कों पर वाहनों की धीमी रफ्तार

# ठंड की दोहरी मार में स्कूल की राह

**नवभारत, बेलखाड़ू ( जबलपुर )।** बीती रात से मौसम ने अचानक सख्ती दिखा दी है। पूरे क्षेत्र में रात्रि 10 बजे से घना कोहरा छा गया, जो अलसुबह से दिन चढ़े 11 बजे तक प्रभावशील रहा,जिससे सड़कों पर दृश्यता (विजिबिलिटी ) काफी कम हो गई। मुख्य मार्गों पर वाहन हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलते नजर आए, वहीं कई इलाकों में सड़कें सुनसान रहीं।


मौसम विभाग जबलपुर के अधिकारी देवेंद्र तिवारी के अनुसार आज न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात के तापमान में लगातार गिरावट के कारण सुबह कड़ाके की ठंड महसूस की गई।



सुबह 7 बजे 50 मीटर दृश्यता में रखते हुए वाहन की जलती रही लाइट



ठंड और घने कोहरे मै स्कूल जाते विद्यार्थी



घने कोहरे और सुबह सड़कों पर पसरा सन्नाटा

### ठंड से प्रभावित स्कूली बच्चे

सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चे जैकेट, स्वेटर और मफलर में लिपटे नजर आए। कई बच्चे ऐसे भी दिखे जो पैदल या साइकिल से स्कूल जाते समय ठिठुरते रहे। पर्याप्त गर्म कपड़ों के अभाव में छोटे बच्चों पर ठंड का असर अधिक देखा गया।

### कोहरे में जोखिम, वाहन चालन में रखें सावधानी

घने कोहरे के कारण सड़क पार करने में परेशानी एवं वाहनों की दृश्यता कम होने से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है, दोपहिया ,चार पहिया वाहनों में चालक सुबह लाइट जलाकर वाहन चलाते नजर आए।साथ ही स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है । घने कोहरे दौरान धीमी रफ्तार से चलें साथ ही ओवरटेक सम्हल कर करें।

### स्वास्थ्य पर असर

ठंड बढ़ने के साथ ही बच्चों में सर्वाधिक सर्दी, खांसी, गले में खराश और बुखार सहित अस्थमा जैसी गंभीर समस्याएं, शिकायतें सामने आने लगी हैं। स्थानीय चिकित्सकों के अनुसार सुबह की ठंड से बचाव बेहद जरूरी है।अभिभावकों का कहना है कि घने कोहरे और कड़ाके की ठंड में बच्चों को स्कूल भेजना मजबूरी बन गया है, लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर लगातार चिंता बनी हुई है।

### मौसम विभाग का अलर्ट

मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटों तक सुबह और देर रात घने कोहरे और मौसम शुष्क रहने , ठंड और बढ़ोतरी की संभावना है। उत्तरी हवाएं 4 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की चेतावनी जारी की है।

## शिक्षा विभाग को आवेदकों के दस्तावेजों का परीक्षण कराने के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया से जुड़े पूर्व आदेश का पालन नहीं करने के मामले को सख्ती से लिया। हाईकोर्ट ने विभाग को स्पष्ट आदेश दिए कि याचिकाकर्ता उम्मीदवारों के दस्तावेज परीक्षण कराए जाएं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 6 जनवरी को निर्धारित की है। यह मामला स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत दस हजार शिक्षक पदों की भर्ती से संबंधित है। दरअसल विदिशा निवासी आशय खरे एवं अन्य की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता आर्यन उरमलिया ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि हाईकोर्ट ने एक दिसंबर 2025 को अंतरिम आदेश दिए थे कि जिन उम्मीदवारों ने अनारक्षित वर्ग के अंतिम चयनित अभ्यर्थी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उनके दस्तावेज अपलोड करवा कर उनका वेरिफिकेशन कराएं। उक्त आदेश के बावजूद संबंधित विभागों ने कई पात्र याचिकाकर्ताओं को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रक्रिया से बाहर कर दिया।

## रात के अंधेरे में आयरन का अवैध उत्खनन

**सिहोरा।** सिहोरा जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गिदुरहा मैं रात के अंधेरे में खनिज संपदा आयरन ओर अवैध उत्खनन करने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों के मुताबिक गिदुरहा के पास जंगल में बीते 15 रातों से कुछ लोग बड़ी बड़ी पोकलेन मशीन लगाकर सैकड़ो टन आयरन ओर खनिज निकाल कर हाईवे डंपरों के माध्यम से खनिज को गंतव्य तक पहचाने का कार्य कर रहे है । आपको बता दें कि सिहोरा के गिदुरहा एवं आसपास के क्षेत्र में रेड ऑक्साइड मैंगनीज आयरन ओर लेटराइट जैसे अन्य खनिज प्रचुर मात्रा में है ।जहां से यह कार्य किया जा रहा है इसमें ग्राम पंचायत का तालाब स्वीकृत था कुछ वर्षों पूर्व भी इसी स्थान में सैकड़ो टन आयरन ओर का अवैध उत्खनन किया गया था । अखबारों में खबर प्रशासन के बाद यहां अवैध कार्य को प्रशासन ने बंद कराया था । अखबारों की हेडलाइन बने सिहोरा के गिदुरहा में आयरन ओर का खेल कुछ समय से पुन शुरू हो चुका है । अब खनिज आयरन ओर के इस खेल में प्रशासन कब तक अपनी भूमिका निभाता है या यह अवैध उत्खनन जारी जारी रहेगा ।



### इनका कहना है

आप के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कार्यवाही अवश्य होगी लेकिन तीरेका नया होगा ।

**शैलेंद्र मिश्रा**
**सहायक खनिज अधिकारी, जबलपुर**

## नेशनल हाईवे इंफ्रा ट्रस्ट ने सिविल अस्पताल को एसी दिए





**सिहोरा, नवभारत।** शनिवार को नेशनल हाईवे इंफ्रा ट्रस्ट (NHIT) के रीवा-कटनी-जबलपुर-लखनादौन हाईवे प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित सामाजिक सहभागिता कार्यक्रम के तहत सिविल अस्पताल सिहोरा को मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की सुविधा हेतु दो स्प्लीड एयर कंडीशनर (एसी) प्रदान की गयी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बेहतर, स्वच्छ एवं आरामदायक वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें उपचार के दौरान राहत मिल सके और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हो। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन द्वारा NHIT के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में ऋद्धरु प्रोजेक्ट से मैनेजर पृथ्वी राठी, संजय मिश्रा, अस्पताल प्रभारी डॉ. सुनील लटियार सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ ने सहभागिता की।



## एसडीएम के निर्देश पर बेदखली कार्यवाही

**सिहोरा।** तहसील के ग्राम पंचायत भण्डरा पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर किए गये वर्षों कब्जा पर 20 दिसंबर 20 25 को एसडीएम सिहोरा पुष्पेंद्र अहके के निर्देशन पर आर आई रूपचन्द्र पटेल, पटवारी अमित मोहन सिरोते, कोटवारों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में बेदखली कार्यवाही की गई। पिछले दिनों ग्रामीणों ने सिकायत और भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शरद यादव और क्षेत्रवासियो की अगवाई पर स्कूली बच्चों एवं बच्चों के अभिभावक छुट्टी उपरांत स्कूल के बाहर सड़क को जामकर स्कूली बच्चों एवं बच्चों के अभिभावक विरोध प्रदर्शन किया था । उसी दौरान सिहोरा तहसील के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया कर्मियों ने जोर शोर से अतिक्रमण हटाने का मुद्दा प्रसाशनिक अधिकारियों कलेक्टर जबलपुर राघवेंद्र सिंह , एसडीएम सिहोरा पुष्पेंद्र अहके को तत्काल अपने अपने ख़बर एवं अखबारों के माध्यम से अतिक्रमण हटाने के लिए अवगत कराया । जिस कारण प्रसाशनिक अधिकारियों सही जानकारी मिलते ही तत्काल बेदखली कार्यवाही कर खेल मैदान स्कूल प्रशासन को सोप दिया गया ।ग्राम वासियों ने बहुत बहुत धन्यवाद प्रेषित दिया ।

## निगमायुक्त की पहल से संवर रहा गुरंदी मछली मार्केट

**नवभारत,जबलपुर।** शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों को व्यवस्थित और सुंदर बनाने की दिशा में नगर निगम द्वारा लगातार ठोस कदम उठाया जा रहा है। इसको बेहतर स्वरूप प्रदान करने में व्यापारियों का सहयोग भी अपेक्षित है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार की पहल और उनके सीधे निर्देशन में गुरंदी स्थित मछली मार्केट के कायाकल्प की कवायद पहले से ही तेज कर दी गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को एक बेहतर कार्यस्थल उपलब्ध कराना और आम नागरिकों को स्वच्छतापूर्ण वातावरण देना है। विदित हो कि मछली मार्केट के आसपास लंबे समय से जमे अवैध अतिक्रमणों को हटाने की बड़ी कार्यवाही की गई है। इस कदम से न केवल यातायात सुगम हुआ है बल्कि मार्केट परिसर में स्वच्छता बनाए रखने में भी मदद मिली है। वहीं व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि मार्केट का जल्द ही रंगरोगन और सुंदरीकरण कार्य पूर्ण किया जाए। निगम का लक्ष्य है कि बहुत जल्द व्यापारियों को एक पूर्णत: व्यवस्थित और साफ-सुथरा मछली मार्केट उपलब्ध कराया जाए, जिससे व्यापारिक गतिविधियों में सुगमता आए।

## चाकूबाजी, डंडे से वार, दंपत्ति समेत पांच घायल

**जबलपुर।** शहर में चाकूबाजी और डंडे से किए वार में दंपत्ति समेत पांच लोग घायल हो गए। बेलबाग पुलिस ने बताया कि रोहित वंशकार 35 वर्ष निवासी वंशकार मोहल्ला बल्ली मार्केट से विवाद कर भैयालाल वंशकार एवं गुल्लू वंशकार ने डंडे से हमला कर सिर में चोट पहुंचा दी। रोहित की पत्नी शांति बीच बचाव करने पहुंची तो उस पर भी डंडे से हमला किया। इसी प्रकार घमापुर पुलिस ने पवन कुमार मौर्य निवासी सरकारी कुआ के पास घमापुर ने शराब पीने रूपए नहीं दिए तो प्रकाश उर्फचपटा ने गंज उठाकर मार दिया जिससे उसे चोटें आ गई। इसी तरह माढ़ोताल थाना अंतर्गत लाल हवेली के सामने नीलेश पटेल, चिन्टू राजपूत एवं अंकित लखेरा ने निखिल यादव निवासी भूकम्प कालोनी के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट दी। बीच बचाव करने पहुंचे नीतेश पर नीलेश पटेल ने चाकू से वार कर दिया।



## जल-मल निकासी की समस्या पर कलेक्टर ने लिया संज्ञान

### डिप्टी कलेक्टर ने कालोनी का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत,जबलपुर।** संस्कार सिटी टाउनशिप में जल-मल निकासी की समस्याओं को लेकर शनिवार को दोपहर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर (कालोनी सेल) आरएस मरावी ने कालोनी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ने जल-मल निकासी के लिए बनाए गए आउटलेट और अंडर ग्राउंड नालियों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने चोक होने वाली नालियों और अन्य अवरोधों की समस्या का निरीक्षण कर तुरंत सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजेन्द्र तिवारी, प्रकाश कुररिया, नरेंद्र सिंह गौर, अमर कुमार श्रीवास्तव, पीपी नेमा, जसदेव सिंह, अमित विश्वकर्मा, ब्रजेन्द्र राजावत, सरपंच बालकिशन पटेल और सचिव नंदकुमार पटेल स्थानीय अधिकारी और पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



## आंगनवाड़ी केंद्र प्रताप वार्ड में सास, बहू सम्मेलन का आयोजन

**नवभारत,पनागर।** आंगनबाड़ी केंद्र प्रताप वार्ड पनागर में आज सास बहू सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिनमें नवदम्पत्ति महिला, 1 बच्चे, 2 बच्चे, 3 बच्चे, चार बच्चों वाली महिलाये, हाई रिस्क ए एन सी महिलाएं, पी एन सी महिलाऐ सास बहू के जोड़े उपस्थित थे। नवदम्पत्ति महिलाओ को नई पहल किट प्रदान की व उसके महत्त्व के बारे में उचित जानकारी दी गई। परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पार्षद प्रियंका शर्मा, सुषमा मिश्रा, अंजू व्यास सहायिका, कविता कोरी आशा, अनीता, संगीता, माधुरी चौरसिया, सीमा यादव, रेखा, मोहिनी, सावित्री दाहिया,उर्मिला व्यास सुलेखा शर्मा, स्नेहलता चौबे, शीला, माया सैनी, दीपिका उपस्थित रही।

## जल संरक्षण शपथ के साथ किया बोरी बंधान

**नवभारत, जबलपुर।** जल स्तर बढ़ाने में जल का संरक्षण अति आवश्यक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बरगी जिला जबलपुर के सेक्टर सालीवाड़ा गौर के ग्राम देवरी बसनिया में नवांकुर संस्था शुभ शक्ति सेवा फाउंडेशन एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवरी बसनिया के द्वारा जल संरक्षण शपथ के साथ बोरी बंधान के पहले पत्थरो का बंधन बनाकर जल स्तर को रोककर फिर बोरी बंधान किया गया। विकास खंड





समन्वयक विनायक ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था शुभ शक्ति सेवा समिति से सीमा पटेल, विजय खरे, निधि झारिया, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवरी बसानिया के अध्यक्ष सित्येंद्र राजपूत, सचिव सोमनाथ सिंह राजपूत, माया बर्मन, रेवाराम एवं ग्राम वासी उपस्थित रहें ।

## अलंकृत नवोदित लोकगीत साधक सम्मान से सम्मानित होंगी शिवानी



**नवभारत,बेलखाड़ू ।** मध्यप्रदेश आंचलिक साहित्यकार परिषद लोककला सांस्कृतिक संगठन आगासौद द्वारा कु शिवानी राजपूत आकाशवाणी कलाकार आज 21 दिसम्बर रविवार को सम्मानित होंगी । आप इन्द्र सिंह राजपूत शिक्षक सूरतलाई की सुपुत्री है।

## कार ने कुचला, चार घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत आशीर्वाद गार्डन के पास कार ने मोटर सायकिल सवारों को कुचल दिया। हादसे में चार युवक घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक मनोज ठाकुर निवासी पन्नी मोहल्ला सुहागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आशीर्वाद गार्डन के पास शाम लगभग 5 बजे पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 4745 का चालक तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये उसकी मोटर सायकल को ओवरटेक करते हुये उसके आगे चल रहे हेमराज और सुनील की मोटर सायकलों में टक्कर मार दिया।

## शासकीय प्राथमिक शाला मोहास में पौधरोपण

**नवभारत, बेलखाड़ू ( जबलपुर )।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहास संकुल बेलखाड़ू के शाला परिसर को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के तहत पारिजात, कटहल, आंवला, अशोक,अनार, महोगनी, और सिंदूर के सहित 15 फलदार पेड़ और छायादार पौधे शाला परिसर में रौपे गये। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य बी आर परस्ते, मनोज शुक्ला, अरविन्द शिवहरे, हेमलता दाहिया, इन्द्र सिंह राजपूत, संजय प्रधान और शाला के छात्र,छात्राओं की उपस्थिति रही। पौधारोपण हेतू सभी पौधे इन्द्र सिंह राजपूत शिक्षक सूरतलाई के द्वारा नि:शुल्क प्रदान किए गये ।



## नग्न अवस्था में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

### हाथ में बने टैटू में लिखा पापा-रोशनी, छानबीन में जुटी पुलिस

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत जबलपुर-भोपाल रोड, एनएच 45 ग्राम पौड़ी में शनिवार सुबह एक युवक का शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला। मृतक के शरीर में चोट के निशान पाए गए है जिससे उसकी हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएफएस की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के बाएं हाथ की कलाई पर टैटू में बना है जिसमें पापा व दाहिनी कलाई पर रोशनी लिखा हुआ जिसके जरिए पुलिस मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास में जुटी है। जानकारी के मुताबिक जबलपुर-भोपाल रोड, एनएच 45 ग्राम पौड़ी में शनिवार सुबह साढ़े नौ बजे एक युवक को शव पड़ा मिला। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच होगी है। शव के हाथ-पैरों पर घाव के निशान मिले है। जिससे हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। टीआई प्रवीण कुमरे ने बताया कि मृतक कौन है और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। हत्या की आशंका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मृतक की शिनाख्त नहींहो सकी है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा जिसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई होगी। इसके अलावा मृतक की शिनाख्तगी के लिए थानों में दर्ज गुमशुदगी रिकॉर्ड को भी खंगाला जा रहा है।

## निधन

### डॉ . ब्रिजेश झारिया



**जबलपुर।** तिलहरी निवासी पूर्व सीएमएचओ डॉ. ब्रिजेश झारिया का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे भारती झरिया के पति एवं हिमांशु, सुधांशु झरिया के पिता थे। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ।

### लीला बाई तिवारी



**बेलखाड़ू।** बेलखाड़ू निवासी श्रीमती लीला बाई तिवारी 85 वर्ष का आज निधन हो गया। आप राकेश तिवारी की मां, एडवोकेट विनोद तिवारी की बड़ी मां, ऋतिक तिवारी की दादी थी। अंतिम संस्कार बेलखाड़ू में संपन्न हुआ।

## वकीलों ने मुख्य न्यायाधीश को प्रेषित किया पत्र

**जबलपुर, नवभारत।** जिले में अधिवक्ताओं और न्यायपालिका के बीच कार्य दिवसों को लेकर खींचतान बढ़ती नजर आ रही है। हाल ही में हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के सचिव अधिवक्ता निखिल तिवारी ने मुख्य न्यायाधीश के नाम एक औपचारिक पत्र सौंपा है। यह पत्र रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह के माध्यम से प्रेषित किया गया है। पत्र का मुख्य उद्देश्य शनिवार को विशेष कार्यदिवस घोषित किए जाने के निर्णय पर विरोध दर्ज कराना और वकीलों की समस्याओं से शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराना है।

### फुल कोर्ट मीटिंग पर जोर

पत्र में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि इस संवेदनशील मुद्दे को सुलझाने के लिए एक फुल कोर्ट मीटिंग बुलाई जानी चाहिए। सचिव निखिल तिवारी ने स्पष्ट किया कि अधिवक्ताओं की मांग पर एक आपातकालीन बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सर्वसम्मति से विशेष कार्यदिवस का विरोध करने का निर्णय लिया गया।

वकीलों का कहना है कि बार एसोसिएशन के कामकाज और अधिवक्ताओं की व्यक्तिगत तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिलना अनिवार्य है। अधिवक्ताओं का मानना है कि यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो इससे बार के सुचारू कामकाज में बाधा आएगी और वकीलों को अदालती कार्यवाही की तैयारी के लिए उचित समय नहीं मिल पाएगा। इस पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि न्यायपालिका वकीलों की व्यवहारिक कठिनाइयों को समझे और एक ऐसा बीच का रास्ता निकाले जिससे न्याय की गति भी बनी रहे और वकीलों का कल्याण भी बाधित न हो।

## नौकरी लगाने के नाम पर ढाई लाख ऐंठे, बंधक बना लूटी अस्मत

**जबलपुर।** घमापुर थाना क्षेत्र में युवक ने नौकरी लगाने के नाम पर महिला से ढाई लाख ऐंठने के साथ उसे होटल में बंधक बनाकर उसकी अस्मत लूटी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 37 वर्षीय महिला पति से अलग रहती है। उसकी दो बेटियां हॉस्टल में रहती है। एक साल पूर्व महिला की पहचान अकुंश से हुई। इसके बाद दोनों की बातचीत होने लगी। अंकुश ने महिला को उसकी नौकरी लगवाने के नाम पर अकुंश ने महिला से ढाई लाख रूपए ऐंठ लिए। जब नौकरी नहीं लगी तो महिला ने पैसे वापिस मांगे जिसके बाद दोनों के बीच विवादहुआ। इस बीच अंकुश ने महिला को एक होटल में बुलाा जहां उसे बंधक बनाकर दुराचार किया।



## कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक/5056/भू-अर्जन/2025 सिवनी, दिनांक 17/12/2025

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 15 (1) के अंतर्गत प्रारंभिक अधिसूचना के प्रकाशन तारीख से प्रावधानित समय सीमा 60 दिवस की अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण अधिनियम की धारा 15 (2) के अंतर्गत कोई रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं है। इस आधार पर समुचित सरकार का यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित परियोजना हेतु अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित निजी भूमि एवं उस पर स्थित स्थावर परिसंपत्तियों की सार्वजनिक लोक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न अनुसूची के पद (2) में वर्णित निजी भूमि एवं उस पर स्थित स्थावर परिसंपत्तिया लोक प्रयोजन हेतु आपेक्षित है :-

अनुसूची

1. परियोजना का नाम :- धुपघटा जलाशय परियोजना
2. भूमि का विवरण :- (क) जिला - सिवनी (ख) तहसील - लखनादौन (ग) नगर/ग्राम - जमुआ प.ह.न.- 64 (घ) लगभग क्षेत्रफल - 1.53 हेक्टेयर

| स. क्रं. | सर्वेक्षण क्रमांक | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (हे. में) | हित्तबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाएं | | | | वृक्ष | | संरचना | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | प्रगति किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1. | 92/8 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.38 | रोशनलाल पिता डोरीलाल जाति लोधी नि.ग्रा. भूमिस्वामी | शासकीय रास्ता | रोशनलाल पि. डोरीलाल की शेष भूमि | शासकीय रास्ता | तिहारी पि. धरमसिंह बगैरह की भूमि | -- | -- | -- | -- |
| 2. | 112/4 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.01 | लच्छी पिता चैतु जाति लोधी नि.ग्रा. भूमिस्वामी | कोहप पि. काशीराम की भूमि | लच्छी की शेष भूमि | कोहप पि. काशीराम की भूमि | शासकीय रास्ता | -- | -- | -- | -- |
| 3. | 111/2/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.74 | कोहपसिंह पिता काशीराम जाति गोंड नि. ग्रा. भूमिस्वामी | शासकीय चरनोई | कोहप पि. काशीराम की शेष भूमि | कोहप पि. काशीराम की शेष भूमि | शासकीय रास्ता | -- | -- | -- | -- |
| 4. | 31 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.04 | शंकर पिता नन्हा जाति चमार न.ग्रा. भूमिस्वामी | महेश पि. गंगा की भूमि | शंकर पि. नन्हा की शेष भूमि | शंकर पि. नन्हा की शेष भूमि | खिल्लो बगैरह पि. मोहनला ल बगैरह की भूमि | -- | -- | -- | -- |
| 5. | 7/5 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.36 | शंकर पिता नन्हा जाति चमार न.ग्रा. भूमिस्वामी | शासकीय चरनोई | मानक पि. गंगा की शेष भूमि | मानक पि. गंगा की शेष भूमि | महेश पि. गंगा की भूमि | -- | -- | -- | -- |
| योग | 5 | | | 1.53 | | | | | | -- | -- | -- | -- |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 सिवनी जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण जिसके लिये भूमि की आवश्यकता है :- धुपघटा जलाशय परियोजना के डूब क्षेत्र स्पिल एवं प्रपोच चैनल निर्माण कार्य हेतु निजी भूमि के अर्जन के संबंध में।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

**(शीतला पटले)**
**कलेक्टर सिवनी एवं प्रदेन उपसचिव**
**मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)**

जी.- 22937/25 बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल